तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025

13 श्रीराम की कथा को सुनने मात्र से पुण्य फल प्राप्त होता हैः पं ऋषिकेश



14 कसाबाय पुल ने बदली तस्वीरः 50 साल की मांग हुई पूरी, ओडिशा से सीधा जुड़ा मैनपुर





## खबर संक्षेप

### राजिम में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**राजिम।** शहर में आज गुरूवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन एमजीएम नेत्र अस्पताल रायपुर द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि यह आयोजन अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम एंव किसान सेवा समिति के विशेष सहयोग से मां महामाया मंदिर प्रांगण में होगा। शिविर में आंखों की जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन जांच, आंख में आसू आना एंव चश्मे की नंबर की जांच किया जायेगा।

### छात्रा महक बोथरा का सुयश

**नवापारा-राजिम।** शहर से लगे हुए पटेवा के एकेडेमीक हाइटस पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं में बोर्ड की छात्रा



महक बोथरा ने 88% अंक प्राप्त करके परीक्षा उत्तीर्ण किया है। जानकारी के मुताबिक बिना टयुशन के छात्रा के इस उपलब्धि ने स्कूल एवं नगर को गौरवान्वित किया है। छात्रा को प्राचार्य,स्कूल स्टाफ एवं गणमान्य नागरिको ने बधाई दी है।

### बस स्टैंड स्थित ठेले से चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के बस स्टैंड स्थित एक ठेले से चोरी का मामला सामने आया है। ठेला संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी अब्दुल जावेद पिता अब्दुल रज्जाक ने एफआईआर में बताया कि वह पानी टंकी के नीचे बस स्टैंड महासमुंद में ठेले का संचालन करता है। 9-10 मई की दरम्यानी रात को ठेले का ताला तोड़कर करीबन 9500, सिगरेट पॉकेट तथा गुटखा की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 334(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# वनांचल के हाई स्कूल भवन अधूरे, पांच साल बाद भी पुस्तकालय व प्रयोगशाला निर्माण अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

खास खबर

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में वनांचल क्षेत्र के हाई स्कूलों में पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं सभा कक्ष निर्माण के लिए स्वीकृत लाखों रुपये की राशि के बावजूद आज तक इन भवनों का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इनमें से कई भवनों की हालत ऐसी है कि वे खंडहर में तब्दील हो चुके हैं, जिससे शासकीय तंत्र की लापरवाही और योजनाओं की जमीनी हकीकत सामने आ रही है।

## समग्र शिक्षा के अंतर्गत मिले करोड़ों की राशि का नहीं किया उपयोग, शिक्षा प्रभावित





### कार्यों की दूसरी किस्त जारी

जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द सारस्वत ने कहा कि विगत वर्ष राशि प्राप्त नहीं हुई थी इस कारण से अधूरा था अब इन कार्यों की दूसरी किस्त जारी किया जा रहा है। बुद्ध विलास सिंह सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा ने कहां के ग्राम पंचायत को राशि प्रदान किया गया है किंतु उनके द्वारा उपयोगिता एवं प्रगति प्रमाण पत्र नहीं दिया जाने की वजह से कई भवनों का दूसरी किस्त और कई भवन का फाइनल किश्त प्रदान नहीं किया गया है पंचायत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें, ताकि राशि दिया जा सके।

हाई स्कूल दुल्ला में पुस्तकालय, हाई स्कूल कनसिघि में पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं सभा का एवं हाई स्कूल रसेला में प्रयोगशाला की स्वीकृति किया गया है, जो विगत 5 साल से अधूरा पड़ा है एवं हाई स्कूल के भवन तो ठीक से प्रारंभ हुई नहीं हो चुका है जबकि अब तक इनका पूर्ण कार्य हो जाना था, इस संबंध में सरपंचों ने बताया की समय पर राशि प्राप्त नहीं हुई इसलिए निर्माण कार्य नहीं हो पाया ,फिर तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 5 साल में विभाग ने आखिर इसकी समीक्षा क्यों नहीं की और इस पर कार्य क्यों नहीं हुआ इसके लिए आखिर कौन दोषी है?

## लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ होने से बचेगा समय और संसाधन: सांसद

# एक देश, एक चुनाव देश की जरूरत व समय की मांगः रूप कुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



एक देश, एक चुनाव की अवधारणा को लेकर मंगलवार को नगर के ऑक्सन हॉल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्व समाज, गायत्री परिवार और व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद रूप कुमारी चौधरी थी। उन्होंने एक साथ चुनाव के उद्देश पर फोकस किया।

- वक्ताओं ने लोकतंत्र को सुदृढ़ करने वाली पहल बताया, दिया व्यापक समर्थन

सांसद चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में देश को एक देश, एक चुनाव की सख्त जरूरत है। हर साल देश के किसी न किसी हिस्से में चुनाव होते रहते हैं, इससे प्रशासनिक तंत्र पर भी बोझ पड़ता है और विकास कार्य बाधित होते हैं। बार-बार आचार संहिता लागू होने के कारण कई योजनाएं अधर में लटक जाती हैं और शासन-प्रशासन का सामान्य कार्य भी बाधित होता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने से न केवल समय और खर्च की बचत होगी, बल्कि जनप्रतिनिधियों को भी अपने कार्यकाल का पूरा समय जनता की सेवा में लगाने का अवसर मिलेगा।



कार्यक्रम राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने बताया कि 1952 से 1967 तक, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही होते थे। लेकिन बाद में, कुछ राज्यों में विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण यह सिलसिला टूट गया। उन्होंने एक साथ चुनाव पर जोर देते हुए कहा कि बार-बार चुनाव दीर्घकालिक नीतियां प्रभावित होती है। एक साथ चुनाव होगा तो सरकारों को पांच साल का स्थिर कार्यकाल मिलेगा, जिससे वे बेहतर नीतियां बना सकेंगी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक समरूधर पुजारी ने भी सम्बोधित किया।

संगोष्ठी में गायत्री परिवार से श्रीमती सुनीता साहू, वरिष्ठ नागरिक सत्यप्रकाश मानिकपुरी, प्राचार्य डॉ आरके तलवारे, डॉ सत्येंद्र तिवारी, अधिवक्ता लोकनाथ साहू सहित मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी एक देश, एक चुनाव को लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला कदम बताया। उन्होंने इसे देशहित में एक आवश्यक सुधार बताया, जिससे संसाधनों का समुचित उपयोग संभव होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं को एक देश एक चुनाव का मोमेंटो भी दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व राजिम विधायक संतोष उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष राजेश साहू, बलदेव सिंह हुंदल, कार्यक्रम के संयोजक चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सुरेंद्र सोनटेके, राधेश्याम सोनवानी, अनूप भोसले, व्यापारी संघ से हरीश भाई ठक्कर, हलमन ध्रुवा, सुमित पारख, भगवानों बेहरा, सोहन देवांगन, विजय शर्मा, राजेंद्र परिहार, विकास रोहरा, सूरज सिन्हा, खेम सिंह बघेल, पुष्पा साहू, बिंदु सिन्हा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिवक्तागण, व्यापारीगण, गायत्री परिवार के सदस्य साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## गरियाबंद में मंत्री विजय शाह का पुतला दहन, कांग्रेस ने की बर्खास्तगी की मांग





**गरियाबंद।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में गरियाबंद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। कांग्रेसियों ने तिरंगा चौक पर मंत्री का पुतला दहन कर नारेबाजी की और तत्काल बर्खास्तगी की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने विजय शाह के बयान को भारतीय सेना और देश की बेटियों का अपमान बताया। पार्षद छगन यादव ने कहा कि मंत्री का बयान केवल एक अधिकारी पर नहीं, बल्कि पूरी सेना का अपमान है। वरिष्ठ नेता राजेश साहू ने इसे सैनिकों का मनोबल गिराने वाला बताया और मंत्री को हटाने की मांग की।

- सेना का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान – कांग्रेस कार्यकर्ता

कांग्रेस नेता पहलाद यादव ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा ने मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, तो युवा कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि सेना का सम्मान सर्वोपरि है, और हम इसे गिरने नहीं देंगे। कांग्रेस ने भाजपा को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि विजय शाह को मंत्री पद से नहीं हटाया गया, तो यह आंदोलन राज्यव्यापी रूप लेगा।

## आदिवासी महिला की जमीन पर अवैध कब्जा, प्रशासन से मदद की गुहार

**गरियाबंद।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र की निवासी बुजुर्ग आदिवासी महिला मंगली बाई पति चैतूराम ध्रुव बीते पांच वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन के सीमांकन और अवैध कब्जे को हटाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं। लेकिन अब तक उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। उनकी जमीन पर एक अज्ञात गैर आदिवासी व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर फेंसिंग कर लिया है, जिससे वे खेती करने से वंचित हो गई हैं।

मंगली बाई ने बताया कि उनके पति चैतूराम पिता जोगीराम के नाम से नगर गरियाबंद, तहसील व जिला गरियाबंद अंतर्गत खसरा नंबर 435 और 779/6, कुल



रकबा 0.2390 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। वह लंबे समय से प्रशासन से सीमांकन की मांग कर रही हैं ताकि अवैध कब्जा हटाकर वे पुनः अपनी जमीन पर खेती कर सकें। लेकिन, प्रशासनिक लापरवाही ▶▶| शेष पेज 13 पर

## रेत से भरे ओवरलोड हाईवा से दहशत में नवापारा

**नवापारा-राजिम।** तीन दिन पहले शहर के व्यापारियो एवं दोनो प्रमुख राजनीतिक दलो के स्थानीय नेताओं के हस्तक्षेप से माइनिंग एवं पुलिस को रेत से भरी हाइवा के खिलाफ कार्रवाई करना पड़ा था। ये हाइवा कुरूद क्षेत्र के कुछेक खदानो से चैन माऊंटेन मशीन में रेत की खुदाई कर हाइवा में ओवरलोड भरकर नवापारा शहर के बीच से निकल रही थी। जबकि प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख चौक में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर बड़ा बोर्ड लगाया गया है।

बता दें कि सिर्फ दो दिन ठीक रहा फिर तीसरे दिन से इक्के-दुक्के गाड़ियां फिर निकलने लगी। इस पर शहर के युवाओं के बीच खासा आक्रोश का वातावरण देखा जा रहा है। इसे लेकर बुधवार को पूरा दिन सोशल मीडिया में यह चर्चा का विषय बना रहा। नगर के मुद्दे ग्रुप में इस पर खासा बहस होता रहा। बहस में पुलिस और प्रशासन के खिलाफ युवा अपना आक्रोश जाहिर करते रहे। सवाल उठाया जाता रहा कि कार्रवाई होने के बाद भी ये गाड़ियां फिर से कै से चलने लगी है? ग्रुप में शामिल कुछेक युवा अब आक्रामकता के मुड में आ गए है।

- प्रतिबंधित समय में शहर के बीच से निकल रहे हाईवा
- कार्रवाई के बाद भी नही सुधर रहे हाईवा चालक, हर वक्त रहती है हादसे की आशंका

बढ़ते हादसे, उजड़ते घर नवापारा में सड़क दुर्घटनाएं अब आम हो गई हैं। तेज रफ्तार, नशे में ड्राइविंग और नियमों की अनदेखी ने कई परिवारों की खुशियां छीन ली हैं। पिछले दिसंबर में एक ही परिवार की दो मासूम बच्चियों और उनके पिता की मौत से शहर में शोक की लहर दौड़ गई थी। हर साल 8-10 लोगों की जान सिर्फ इन भारी वाहनों की लापरवाही से जा रही है। डेंजर ज़ोन पर ब्रेकर की मांग दीनदयाल उपाध्याय चौक, मेडम चौक, बस स्टैंड, चरमारन चौक और इंदिरा मार्केट क्रॉस रोड जैसे स्थान अब डेंजर ज़ोन बन चुके हैं। स्थानीय नागरिक और व्यापारी इन जगहों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस थाने की दूरी और पेट्रोलिंग की कमी से चालकों में भय खत्म हो चुका है।

## समाधान शिविर में हितग्राहियों को मिला त्वरित लाभ, दिखी खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिए गए योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदनों का तीसरे चरण के समाधान शिविर में आवेदनों का त्वरित मिल रहे लाभ से लाभार्थियों में खुशी का माहौल है। समाधान शिविर में सहकारी समिति द्वारा 2 किसानों को धान बीज, 7 किसानों को नये किसान क्रेडिट कार्ड, 5 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को मो ट रा ई ज ड ट्रायसाइकल, 3 दिव्यांग को श्रवण यंत्र एवं 2 हिताग्राहियों को स्टीक का वितरण किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 5 बच्चों का अन्नप्रासन्न किया गया।

- विभिन्न विभागों ने किया सरकारी योजनाओं का वितरण

शिविर में कलेक्टर बीएस उइके, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य लेखराम धुरवा, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रूपा ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ती



पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें जंगली चीता से अपने नाती को मौत के मुंह से बचाने के लिए अदम्य साहस का सामना करने पर कोठीगांव के दर्शनलाल, कला के क्षेत्र में रसेला के आसीफ हुसैन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनसिंघी के कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी सीमा कवंर, रूवाड़ के राष्ट्रीय स्तर के कब्बडी खिलाड़ी राकेश नागेश, राजपुर की पंडवानी कलाकार खेमीन निषाद, कुड़ेरादादर की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मितानिन बिराजो बाई, मुढ़ीपानी के छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार ओंकार ठाकुर सहित अन्य शामिल है। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के त्वरित समाधान कार्यवाही के लिए आभार जताया। इस दौरान अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम नेहा भेड़िया सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एनपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट में कुरुे विजेता, नवापारा उपविजेता, हसदा तीसरे स्थान पर

# खेल हमें अनुशासन, संघर्ष एवं टीम वर्क की भावना सिखाती हैः सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में युवा संगठन समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय एनपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में क्षेत्र के 32 क्रिकेट टीमो ने भाग लिया। जिसमें कुरू की टीम विजेता रही। उपविजेता नवापारा की टीम रही और तीसरे स्थान में हसदा की टीम रही।

बता दें कि पांच दिनों तक चले क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच नवापारा एवं कुरूे के बीच खेला गया। जिसमें कुरूे की टीम ने जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को नवापारा नगर पालिका के सभापति केकती सोनवानी के पुत्र लल्ला सोनवानी की ओर से 15000 रुपए का प्रथम पुरस्कार नगद प्रदान किया गया वहीं नवापारा की उपविजेता टीम को पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू की ओर से 7000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले हसदा की टीम को पार्षद टिकेश्वर गिलहरे की ओर से 3000 रुपए का नकद पुरूस्कार प्रदान किया गया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले टीम को मां कर्मा बोरवेल की ओर से थनवार साहू द्वारा ट्राफी





प्रदान की गई। तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को युवा नेता जितेंद्र कोसरे एवं मां कर्मा बोरवेल्स की तरफ से ट्राफी प्रदान किया गया।

### पराजित टीम निराश न हो अपना प्रयास जारी रखे सफलता एक न एक दिन अवश्य मिलेगी - केकती

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पालिका के सभापति केकती सोनवानी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। कहा कि नगर में खेल को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक प्रयास तथा खिलाड़ियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए खेल मैदान एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य किए जाएंगे। खेल हमें अनुशासन, संघर्ष एवं टीम वर्क की भावना सिखाता है। श्रीमती सोनवानी ने पराजित टीम से कहा कि हार से निराश होने की जरूरत नही है अपना प्रयास जारी रखे। सफलता एक न एक दिन अवश्य मिलेगी।

### आयोजन में इनका रहा योगदान

प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्स मैन, बेस्ट बॉलर, मेन ऑफ द मैच, ऑलराउंडर खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में युवा अध्यक्ष लल्ला सोनवानी, संजय साहू, थनवार साहू, टिकेश्वर गिलहरे, जितेंद्र कोसरे, राजा साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भागवत सोनकर ,रामा यादव, राजू सोनी, शेखर साहू, पार्षद अर्जुन साहू, संजीव नागरची, योगेश यादव, देवेंद्र सेन का विशेष सहयोग रहा। क्रिकेट प्रतियोगिता राजा ध्रुव,सागर ध्रुव, कान्हा गिलहरे, प्रकाश ध्रुव, राकेश ध्रुव, मुकुल साहू, नीरज कंसारी, विजय यादव, सूरज ध्रुव, तरुण निषाद करण जोगले,राहुल ध्रुव, सुमित साहू, अमर गिलहरे, निखिल सिन्हा,गौरव शामनाडी, आकाश पेलू, चुका मयंक सूरज साहू, रामेश्वर साहू, अंकित ध्रुव समिति सदस्यों द्वारा आयोजित की गई।

## खबर संक्षेप

### चैंबर अध्यक्ष से की मुलाकात



**रायपुर।** डूमरतराइ व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल और अनाज मंडी के व्यापारियों ने मंगलवार को चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ व्यापारिक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बांबे मार्केट स्थित चैंबर कार्यालय में डूमतराई व्यापारी संघ और अनाज मंडी के व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की।

### शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के लिए स्वच्छता टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को महात्मा गांधी सदन में प्रतियोगिता के डिजिटल पोस्टर का विमोचन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने 31 मई तक प्रविष्टियां भेजी जा सकती हैं। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने नगर निगम की ओर से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक, संगठन विस्तार पर चर्चा



**रायपुर।** सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ की राजधानी में बैठक आयोजित हुई। जिसमें एक नाम, एक आवाज, एक समाज की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए जोर दिया गया। बैठक के संबंध में समाज के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया कि सामाजिक गतिविधि के लिए संगठन विस्तार के साथ नए लोगों की नियुक्ति किए जाने बैठक आहूत की गई। साथ ही आगामी दिनों में एक भव्य आयोजन प्रदेश स्तरीय किया जाना है इसके लिए चर्चा कर योजना बनायी गयी।

समाज के लिए आगे बढ़ करने पर कार्य करने पर प्रतिभागियों ने जोर दिया। इसके साथ ही टीम को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए आदेशित किया गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, संगठन महामंत्री दिलीप कुर्रे, महामंत्री सी एल जोशी, महामंत्री राजा बंजारे प्रदेश सचिव राकेश बघेल,कोर कमेटी सदस्य हेमलाल भारती , परमेश्वर टंडन, दीकेश टंडन, संदीप गंगेले,जिला अध्यक्ष रमेश जांगड़े, कार्य, अध्यक्ष कुमार महेश्वर, अजय जांगड़े,उपाध्यक्ष जितेश भारती सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बाबुओं की सुस्ती, पांच माह से अटका पीजी डाक्टरों का स्टाइपेंड डीएमई तक पहुंची शिकायत

**रायपुर।** एडमिशन होने के बाद पढ़ाई के साथ अस्पतालों में ड्यूटी करने वाले पीजी डाक्टरों का स्टाइपेंड पांच माह से अटका हुआ है। इसकी वजह मेडिकल कालेजों के विभागीय बाबुओं की सुस्ती को बताया गया है। लंबा समय बीतने के बाद भी विभागवार पीजी चिकित्सकों की सूची तैयार नहीं हो पाई है, जिसके आधार पर उन्हें शिष्यवृति का भुगतान होता है। मामले की शिकायत चिकित्सा शिक्षा संचालक से की गई है, जिसमें तर्क दिया गया है कि स्टाइपेंड नहीं मिलने के वजह से पीजी डाक्टरों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्हें यह भी बताया गया है कि स्टाइपेंड के भुगतान में लेट लतीफी हर साल की समस्या है। सूत्रों का कहना है कि काउंसिलिंग के दौरान पीजी की सीटों पर प्रवेश लेने की प्रक्रिया काफी समय तक चलती है। इसके बाद मेडिकल कालेजों के विभागीय क्लर्क इन चिकित्सकों विभागवार सूची तैयार करते हैं और इस आधार पर स्टाइपेंड वितरण करने का काम शुरू किया जाता है।

# भाजपा के 50 और मंडलों के अध्यक्ष तय, अब भी एक दर्जन में पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश भाजपा संगठन का चुनाव यूं तो भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का 17 जनवरी को तय होने के साथ पूरा हो गया है, लेकिन भाजपा के 478 मंडलों में से 63 मंडलों में चुनाव नहीं हो सके थे। अलग-अलग कारणों से चुनाव के लिए लटके मंडलों में से 50 और मंडलों में अध्यक्ष तय हो गए हैं, लेकिन एक दर्जन मंडलों में अब भी पेंच फंसा हुआ है। इन मंडलों के अभी अध्यक्ष बनाने की कवायद चल रही है। इसी के साथ जिन मंडलों के अध्यक्ष तय हो गए हैं, उनमें अब कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ हो गया है। इस माह के अंत तक हर हाल में सभी मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम भी पूरा करना है। भाजपा के प्रदेश संगठन में सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। भाजपा ने प्रदेश के 24 हजार से ज्यादा बूथों में तो चुनाव पूरा करा लिया लेकिन भाजपा के सभी मंडलों में अब तक चुनाव पूरे नहीं हो सके हैं। भाजपा के पहले 405 मंडल थे, चुनाव के पहले 73 नए मंडल भी बनाए गए। कुल मिलाकर 413 मंडलों का चुनाव हो सका और बाकी का चुनाव बच गया। कहीं पर पुराने मंडल अध्यक्ष को फिर से अध्यक्ष बनाना था, क्योंकि उनका एक साल का ही कार्यकाल हुआ था।

## अब चल रहा कार्यकारिणी बनाने का काम



### अब कार्यकारिणी की कवायद

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेड लाइन दस मार्च रखी गई, इसके बाद इसको 20 मार्च किया गया। लेकिन पूरा मार्च निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया है। मई में भी दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी है। जानकारों के मुताबिक मुश्किल से 30 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी ही बन सकी है। बचे 70 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी को इस माह पूरा करने की कोशिश है।

## हरिभूमि ने तीन दिन पहले इस गड़बड़ी को किया था उजागर

# खसरों से हटाए गए नाबालिग शब्द एनआईसी की गलती से हुई थी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों के खसरा जमीन के मालिक अचानक बालिग से नाबालिग हो गए थे। इन खसरा खातों में निजी लोगों की जमीन के साथ शासकीय जमीनें भी शामिल थीं। प्रदेश के कई जिलों में एक साथ हुई इस बड़ी त्रुटि को हरिभूमि ने उजागर किया था। इस खबर के बाद राजस्व विभाग के अफसरों में हड़कंप भी मचा था, जिसके बाद आनन-फानन में सरकारी छुट्टी होने के बावजूद इस गड़बड़ी को दो दिन के भीतर सुधार लिया गया। सूत्रों के अनुसार यह गड़बड़ी एनआईसी सेंटर से ही हुई थी। भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट करने के दौरान कई जिलों के खसरों के खातों में नाबालिग शब्द जुड़ गए थे, जिसे ठीक करने के लिए एनआईसी को भुईयां पोर्टल को रीसेट करना पड़ा। रिसेट करते ही सभी खसरा खाते पहले की स्थिति में आ गए और नाबालिग शब्द हट गए।

हरिभूमि ने 11 मई को खबर प्रकाशित की है, जिसमें प्रदेश के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा, भरतपुर, सक्ती सहित अन्य जिलों के अंतर्गत तहसील क्षेत्रों के सैकड़ों-हजारों खसरा खातों में जमीन के मालिक बालिग से नाबालिग हो गए थे। खसरा खातों में सभी मालिकों के नाम के नीचे नाबालिग शब्द अंकित हो गया था, जो पीडीएफ फाइल में भी शो कर रहा था।

### मैनुअल रिकार्ड बहुत जरूरी

एनआईसी की लापरवाही से जिस तरह से ऑनलाइन रिकार्ड में बड़ी गड़बड़ी हुई है, इसे देखते हुए अब पटवारी राजस्व संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि राजस्व संबंधी सारे कार्य अब भुईया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन हो रहे हैं। मैनुअल रिकार्ड नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर ऑनलाइन रिकार्ड में गड़बड़ी होती है, तो उसे मैनुअल रिकार्ड देखकर सुधारा जा सकता है, लेकिन अगर मैनुअल रिकार्ड ही नहीं होंगे, तो गड़बड़ी को सुधारने का दूसरा आप्शन एनआईसी के पास भी नहीं होगा, इसलिए राजस्व संबंधी कार्यों का मैनुअल रिकार्ड भी होना बहुत जरूरी है।


अपडेट करने के दौरान तकनीकी त्रुटि की आशंका
खसरा में थोक में गड़बड़ी,
...ाम के नीचे सब को लिख...

### पंजीयन विभाग में सुविधा देने भुईयां को किया जा रहा अपडेट

शासन ने नामांतरण का अधिकार तहसीलदारों और पटवारियों से छीनकर पंजीयन विभाग को देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के कुछ पंजीयन कार्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नामांतरण की सुविधा शुरू भी कर दी गई है। इस सुविधा के साथ रजिस्ट्री के समय तुरंत बटांकन भी हो जा रहे हैं। यह सुविधा प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय में शुरू होनी है। इसे लेकर भुईयां पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के दौरान बटांकन और नामांतरण भी आसानी से हो जाए।

### तीन साल पहले भी अपडेट के दौरान हो चुकी है बड़ी गड़बड़ी

भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट किए जाने के दौरान वर्ष 2022 में भी इसी तरह एनआईसी से गड़बड़ी हुई थी। उस दौरान भी प्रदेशभर के सभी खसरा रकबों का एक ही नंबर 0139 हो गया था। इसके अलावा कई तहसील ग्रामों के नाम धोने की मशीन, बात करना हो गए थे, वहीं कईयों का रकबा घट गया था। इस गड़बड़ी को भी रीसेट करके ठीक किया गया था।

# नक्सल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और पुलिस के दावों में विरोधाभास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व सीएम भूपेश ने उठाए सवाल, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है, उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं, जिससे संदेह पैदा हो गया है।

उन्होंने कहा, 8 मई की रात में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कह कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है। पता चला कि बीजापुर जिला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए लाए गए। शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम को एक रिलीज जारी की। बीजापुर में पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं। अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है।

### भूपेश ने किए सात सवाल



श्री बघेल ने सवाल किया कि क्या ऑपरेशन संकल्प चल रहा है? अगर हां तो इसका क्या विवरण है? ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं है? कुल कितने शव बरामद किए गए? अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं? अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा? जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं? जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया, जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और उनसे उनका क्या रिश्ता है? कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है?

## बेलसोंडा में जनपद उपाध्यक्ष ने कराया गृह प्रवेश





**महासमुंद।** सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के तहत निर्माण कार्य जारी है। ग्राम बेलसोंडा में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने हितग्राही कुंती सतनामी, अनसुईया धीवर, राजकुंवर धीवर के यहां प्रधानमंत्री आवास में पूजन कर गृह प्रवेश कराया। प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का मकान मिले, ऐसा मोदी सरकार का सपना है। उस सपना को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार विशेष ध्यान दे रही है। आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों ने सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में बेलसोंडा सरपंच प्रीति धीवर, पंच पिंकी चंद्राकर, त्रिभुवन धीवर आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित प्रतिभा पब्लिक के छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अखिल भारतीय स्तर पर कक्षा 12वीं तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। कक्षा 12वीं वाणिज्य एव विज्ञान दोनों संकायों का परीक्षा परिणाम शत्प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में 38 विद्यार्थी तथा विज्ञान संकाय में 52 विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए। वाणिज्य संकाय से यश अग्रवाल 95.4, हिमानी चंद्र 92.6, जागृति अग्रवाल 91.6 शौर्य अग्रवाल 91.2 तथा सिया अग्रवाल ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय से हरिश पटेल 89.4, अंश गोयल 89.2, अमन साहू 89.2, पीयुष पटेल 87.6, स्नेहा बारिक 87.2 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में शीर्ष 5 स्थान अर्जित किए। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अंश अग्रवाल 93.2 प्रतिशत, आद्या अग्रवाल 92.6, अकनीम प्रधान 92.4, समृद्दि अग्रवाल 92.4, चहक अग्रवाल 92, खुशबु अग्रवाल 91.4, गुनगुन अग्रवाल 91.2, वंशिका उवोबेजा 91., सिया अग्रवाल 90.8, कृष्णा अग्रवाल 90.4 प्रतिशत, वैभव उवोबेजा 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में शीर्ष 11 स्थान अर्जित कर शाला एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। इनकी सफलता पर शाला प्रबंधन से संचालक आभाष अग्रवाल समिति अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, प्राचार्य नरहरि पटनायक, उपप्राचार्य नासिर खान के साथ से समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार ने हर्ष जताया।

# पीएम आवास के तहत हर हितग्राही को मिलेगा मकान किसानों की भी आय बढ़ाने पर किया जाएगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, छत्तीसगढ़ के किसानों को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे। पीएम आवास पर उन्होंने कहा, वो सरगुजा के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ आए हैं। जहां वो पीएम आवास के हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपेंगे। साथ ही नए पीएम आवास बनाने को लेकर कई घोषणाएं करेंगे। उन्होंने पीएम आवास के पिछली सरकार के बचे हुए कामों को भी पूरा करने के लिए सीएम विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। श्री चौहान ने कहा, जनमन योजना के तहत अति पिछड़े वर्ग को भी मकान का लाभ दिया जा रहा है।

रायपुर के मंत्रालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवराज सिंह चौहान ने कहा, नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के बाद उन्हें भी पीएम आवास के तहत मकान दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में इसके लिए सरकार अलग से अभियान चला रही है। अभियान में केंद्र भी प्रदेश सरकार के साथ है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को भी पीएम आवास के तहत मकान दिया जाएगा। श्री चौहान ने कहा, केंद्र ने नक्सली हिंसा के पीड़ितों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए 15,000 मकान भी स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा, नया सर्वेक्षण किया जा रहा है और पिछली सूची में शामिल नहीं होने वालों को भौतिक सत्यापन के बाद आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### 'जशप्योर' ब्रांड के उत्पादों की शिवराज ने की सराहना



*केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और स्वावलंबन की भावना से ओतप्रोत 'जशप्योर' ब्रांड के उत्पादों की सराहना की। उन्होंने 'जशप्योर' के उत्पादों की सराहना करते हुए कहा, यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'जशप्योर' न केवल एक ब्रांड है, यह छत्तीसगढ़ी माटी की महक, आदिवासी बहनों की मेहनत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का प्रतीक बन चुका है।*

### तीन लाख से अधिक मकानों का आवंटन पत्र सौंपूंगा

विधानसभा चुनावों के दौरान पीएम मोदी ने लोगों को घर देने का वादा किया था। पिछले साल लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ के लिए 8.47 लाख मकान स्वीकृत किए गए थे। बाद में 3.03 लाख और मकान स्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा, आवास प्लस 2018 की सर्वेक्षण सूची के अनुसार केवल 3,00,768 लाभार्थियों को मकान मिलना बाकी है और आज मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को इन शेष मकानों के लिए आवंटन पत्र सौंपूंगा।

### मनरेगा की राशि में होगा इजाफा

शिवराज सिंह ने कहा, पीएम आवास के लिए मनरेगा के तहत जारी की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी की जाएगी। अभी ये राशि 3555 करोड़ रुपए हैं। जिसमें पीएम आवास बनाने के दौरान मनरेगा के तहत राशि दी जाती है। लेबर बजट को आगे रिवाइस किया जाएगा।

### नक्सलगढ़ में भी बिछ रहा सड़कों का जाल

छत्तीसगढ़ में अब सड़कों का जाल बिछा है. 42471 किलोमीटर की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से बनाई गई है। 472 नए पुल बनाए गए हैं। योजना के तहत नई सड़कें भी बनीं हैं। प्रदेश में 715 सड़कें 1192 करोड़ की राशि से बनीं हैं।

### किसानों की आय बढ़ाना है लक्ष्य

नए वैज्ञानिक अनुसंधान सीधे किसानों के पास पहुंच सकें, इस दिशा में काम किए जा रहे हैं। किसानों को अलग-अलग श्रेणियों में खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आय यदि बढ़ाना है, तो अलग-अलग खेती करनी होगी। फलों की खेती, फूल और दूसरे किस्म की सब्जियों की खेती करनी होगी।

### शिवराज ने कहा- विपक्ष पीएम मोदी का विरोध करते-करते सेना और देश के खिलाफ ना जाए

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लांच किया। ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में स्थित आतंकियों पर कार्रवाई की। आतंकी अड्डों को तबाह किया। उसके बाद दोनों देश के बीच सीजफायर हो गया। सीजफायर को लेकर देश में राजनीति चरम पर चल रही है। कांग्रेस मोदी सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है। इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बड़ा बयान दिया है।*

# ग्राम पलौद के समाधान शिविर में 22 मांग व 3 शिकायतों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सुषासन तिहार के तहत मंगलवार को अभनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पलौद में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 131 आवेदनों में मौके पर ही 22 मांग और 3 शिकायतों का निराकरण किया गया। शिविर में क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर गौरव सिंह, एसएसपी लाल उमेद सिंह, अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, जिला सदस्य यशवंत साहू, सरपंच सुषमा मणीराम सहित अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस शिविर में मनरेगा से 4 जॉबकार्ड, 22 राशनकार्ड, समाजकल्याण विभाग द्वारा 2 ट्रायसायकल, 5 छड़ी, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 4 डेमो चेक, श्रम विभाग द्वारा 7 श्रमिकों को श्रमकार्ड, एसबीआई फाउंडेशन जीवन टीबी केयर परियोजना स्कूल एनजीओ रायपुर की ओर से टीबी मरोजो को निःशुल्क 4 फूड पैकेट, कृषि विभाग द्वारा 1 कृषक को धान बीज तथा 4 कृषक को क्रेडिट कार्ड, 50 प्रतिशत अनुदान पर 2 कृषकों को नेपसेक स्केयर तथा मत्स्य विभाग द्वारा 2 लोगों को महाजाल, उद्यान विभाग द्वारा 10 कृषकों को सब्जी, बीज, सब्जी मिनिकीट का वितरण किया गया। शिविर में गोदभराई, अन्नप्रसान की रस्म भी की गई।

### सुशासन तिहार शिविर में पानी का प्रेशर कम आने, बोरवेल सूखने की शिकायत, मौके पर बनाकर दिये श्रम पंजीयन और राशन कार्ड

राजधानी के शंकरनगर इलाके के सिंधु भवन में मंगलवार को नगर निगम जोन 3 के 7 वार्डों के लिए सुशासन तिहार शिविर लगाया गया। शिविर में गुरु गोविंद सिंह वार्ड के लोगों में नलों में पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत की। भुक्तभोगियों का कहना है, बोरवेल सूखने से उन्हें पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के रेलवे पटरी किनारे बसी बस्ती में पानी के लो प्रेशर से त्रस्त लोगों ने शिविर में खुलकर अपनी बात रखी। 1920 आवेदनों में से 1667 आवेदन मांग से संबंधित और 253 शिकायतें आम जनता से प्राप्त हुईं, जिसका मौके पर समाधान किया गया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुरा के दसवीं-बारहवीं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुरा ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर छुरा विकासखंड का नाम गौरवान्वित किया है। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से जहां शिक्षा की गुणवत्ता को बल मिला है, वहीं ग्रामीण अंचल में शिक्षा के प्रति लोगों की रुचि और विश्वास में वृद्धि हुई है।

### दसवीं की टॉपर बनीं सुनिधि साहू

कक्षा 10वीं में कुमारी सुनिधि साहू (पिता रूपेश साहू) ने 86% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके साथ संजू कुलदीप (83%) और मधु बंजारे (82%) ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

## विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर गांव में खुशी की लहर, शत-प्रतिशत परिणाम ने बढ़ाया शिक्षा के प्रति विश्वास



### बारहवीं में डामेश्वरी ध्रुव ने किया टॉप

कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) में कुमारी डामेश्वरी ध्रुव (पिता उमेश कुमार) ने 88% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इनके अलावा तुकेश्वर (87%), हेमा (85%), पुष्पांजलि, नोमिका, डामेश्वरी सिन्हा (सभी 85%), खेमराज (83%), तिनेश्वरी और विनय (82%), मुकेश्वरी (81%) और खोमेश्वर (80%) ने भी 80% से अधिक अंक अर्जित किए।



### बेटियों की उपलब्धि से गांव में उत्साह

छुरा ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे छोटे से गांव मुरमुरा के इस विद्यालय की छात्राओं की उपलब्धि पर पूरे गांव में हर्ष और गौरव की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि बेटियों के प्रदर्शन से अन्य छात्र-छात्राएं भी शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित हो रहे हैं।

जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने दी शुभकामनाएं

विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अनिल कुमार साहू और समाजसेवी रोशन लाल साहू ने सभी विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दीपक ध्रुव (सरपंच), कोमल साहू (उपसरपंच), दसोदा ध्रुव (पूर्व सरपंच), ढालू साहू, सुरेखा साहू, भागा ध्रुव, रूपेश साहू, छबि यादव, गिरिश साहू, सुरेश सचिव, उमेश ध्रुव सहित कई ग्रामीण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सेहत ठीक रखने लोग पीने लगे हैं मटके का पानी, फ्रिज से कर रहे परहेज



**मैनपुर।** एक तरफ जलाऊ नहीं मिलने के कारण मिट्टी से तैयार लाल मटका महंगा हो गया है, वहीं दूसरी तरफ अपनी सेहत बचाने के लिए लोग फ्रिज के बजाये मटके का ठंडा पानी पीना पसंद कर रहे हैं। इन दिनों एक घड़े की कीमत सौ रुपए तक पहुंच गई है।
बताते चलें कि लोगों के डिमांड के चलते हैं, मैनपुर वनांचल क्षेत्र में मिट्टी के घड़े का ठंडा पानी पीने की परंपरा हमारे यहां आमतौर पर अक्षय तृतीया के दिन से शुरू होती है, गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजार में लाल मटके की मांग बढ़ गई है।
**जलाऊ लकड़ी की कमी से महंगे हुए मटके :** कुम्हारों के अनुसार, मटके पकाने के लिए उन्हें भट्ठी जलाने में काफी मेहनत करनी पड़ती है। पहले जहां आसानी से जलाऊ लकड़ी मिल जाती थी, अब वन विभाग की सख्ती और संसाधनों की कमी के कारण यह मुश्किल हो गया है। इसके चलते उत्पादन लागत बढ़ गई है, जिस वजह से मटकों की कीमतें 20-30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। कुम्हार इसे मजबूरी में लिया गया कदम बता रहे हैं।
**सेहत के लिए मटका बना पहली पसंद :** आयुर्वेद विशेषज्ञों की राय में, मटका या तांबे के बर्तन में रखा पानी शरीर के लिए ज्यादा लाभकारी होता है। यह पाचन को सुधारता है और शरीर को प्राकृतिक रूप से ठंडक देता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि मैनपुर के नदीपारा क्षेत्र के मटकों में पानी न केवल ठंडा रहता है, बल्कि स्वाद भी बेहतर होता है। यही कारण है कि इन मटकों की मांग रायपुर, धमतरी और बिलासपुर जैसे शहरों तक बनी हुई है।

### निधन

### फुलबासन ध्रुव

**कोपरा।** ग्राम मुड़तराई के 107 वर्षीय वयोवृद्ध फुलबासन ध्रुव का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया।



जिसकी अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन सहित ग्रामवासी शामिल होकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वे राधेश्याम ध्रुव, किशुन ध्रुव की माता व धनुषधारी ध्रुव, पुनानंद ध्रुव की दादी थी।

### पेज 11 के शेष

### आदिवासी महिला की...

के चलते उनकी मांग हर बार अनसुनी हो रही है। मंगली बाई ने कहा कि समाधान शिविरों में भी उनकी समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सीमांकन कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है, ताकि उनकी जमीन पर उनका अधिकार सुरक्षित रह सके।
इस मामले में तहसीलदार मयंक अग्रवाल ने कहा कि उनके पास पूर्व में इस संबंध में कोई आवेदन नहीं पहुंचा था। अब जैसे ही मामला संज्ञान में आया है, उन्होंने तत्काल संबंधित राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द सीमांकन कर स्थिति स्पष्ट की जाए और पीड़िता को न्याय दिलाया जाए।

## कृष्णावतार की कथा सुन जयकारों से गूंजा पंडाल

# श्रीराम की कथा को सुनने मात्र से पुण्य फल प्राप्त होता है: पं ऋषिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



समीपस्थ ग्राम रजनकटा में यादव परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में भगवताचार्य पं ऋषिकेश तिवारी द्वारा प्रभावी कथा वाचन किया जा रहा है जिसमें आसपास के ग्रामीण एवं अंचल के श्रोतागण बड़ी संख्या में कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। पांचवा दिवस की कथा में राम जन्म और कृष्ण जन्म कथा कही।

पंडित ऋषिकेश तिवारी जी ने बताया कि महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ आरंभ करने की ठानी। महाराज की आज्ञानुसार श्यामकर्ण घोड़ा चतुरंगिनी सेना के साथ छुड़वा दिया गया। महाराज दशरथ ने समस्त मनस्वी, तपस्वी, विद्वान ऋषि-मुनियों तथा वेदविज्ञ प्रकाण्ड पण्डितों को यज्ञ सम्पन्न कराने के लिये बुलावा भेज दिया। निश्चित समय आने पर समस्त अभ्यागतों के साथ महाराज दशरथ अपने गुरु वशिष्ठ जी तथा अपने परम मित्र अंग देश के अधिपति लोभपाद के जामाता ऋंग ऋषि को लेकर यज्ञ मण्डप में पधारे। इस प्रकार महान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्पूर्ण वातावरण वेदों की ऋचाओं के उच्च स्वर में पाठ से गूंजने तथा समिधा की सुगन्ध से महकने लगा। समस्त पण्डितों, ब्राह्मणों, ऋषियों आदि को यथोचित धन-धान्य, गौ आदि भेंट कर के सादर विदा करने के साथ यज्ञ की समाप्ति हुई। राजा दशरथ ने यज्ञ के प्रसाद चरा(खीर) को अपने महल में ले जाकर अपनी तीनों रानियों में वितरित कर दिया। प्रसाद ग्रहण करने के परिणामस्वरूप तीनों रानियों ने गर्भधारण किया। जब चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को कर्क लग्न का उदय होते ही महाराज दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या के गर्भ से एक शिशु का जन्म हुआ जो कि नील वर्ण, चुंबकीय आकर्षण वाले, अत्यन्त तेजोमय, परम कान्तिवान तथा अत्यंत सुंदर था। उस शिशु को देखने वाले देखते रह जाते थे। इसके पश्चात शुभ नक्षत्रों और शुभ घड़ी में महारानी कैकेयी के एक तथा तीसरी रानी सुमित्रा के दो तेजस्वी पुत्रों का जन्म हुआ।

### कृष्ण जन्म की कथा

पंडित ऋषिकेश तिवारी जी ने कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। तिवारी ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।

### श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे

श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई, एक-दूसरे को खिलौने और मिठाईयां बाटी गई। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन प्रदुम कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। कार्यक्रम का आयोजन अपने माता स्व. रामकुंवर बाई यादव के बरसी श्राद्ध में उनके पुत्र खेमलाल यादव एवं वेदप्रकाश यादव, लक्ष्मी कांत यादव एवं यादव परिवार द्वारा किया गया है।

# बीईओ ने ली प्राचार्यों व संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूलों और शिक्षकों का युक्तिकरण शुरू करने का फैसला लिया है ताकि बच्चों की संख्या के हिसाब से शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

इसी तारतम्य में शालाओं एवं शिक्षकों की युक्तिकरण के संबंध में हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी स्कूलों के प्राचार्य एवं संकुल समन्वयको की आवश्यक बैठक बी आर सी भवन फिंगेश्वर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी द्वारा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू की उपस्थिति में लिया गया।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी द्वारा बैठक के विभिन्न एजेंडा पर चर्चा कर शाला में स्वीकृत पद, भरे हुए पद एवं रिक्त पद की बारे में जानकारी देते हुए बताया कि युक्तिकरण का उद्देश्य स्कूलों और शिक्षकों को इस तरह से व्यवस्थित करना है कि बच्चों को पर्याप्त शिक्षक मिल सके और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शालाओं में शिक्षकों की संख्या बच्चों की संख्या के अनुपात में हो।वर्तमान में ब्लाक के अंतर्गत विभिन्न शालाओं में शिक्षक अतिरिक्त रूप से नियुक्त है,जबकि कई ऐसे शाला है जहाँ पर शिक्षकों की बहुत कमी है। इस असमानता को सुधारने के उद्देश्य से शालाओं और शिक्षकों का युक्तिकरण छात्रहितों को ध्यान में रखकर किया जावेगा।वहीं कई शाला ऐसे हैं जहां पर विषय से संबंधित शिक्षक है लेकिन उस विषय का वहाँ पर अध्यापन कार्य नहीं होती है ऐसे शालाओं के शिक्षकों की युक्तिकरण अन्य शालाओं किया जावेगा जहां उस विषय से संबंधित शिक्षकों की कमी है। इसके साथ साथ सत्र 2024–25 में दसवीं एवं बारहवी के वार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी विषयवार एवं अध्यापन कराने वाले शिक्षकों की जानकारी ली।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्राचार्य एम.एल.कंवर, एस.एस. कंवर, एम. आर. रात्रे, पूरन लाल साहू, के. आर. निषाद, कृष्ण कुमार यदु, निरंजन तिवारी, पी.आर.नेताम, वर्षा नेताम, कमल पांडे, नरेन्द्र यदु, संजय एक्का, मनहरण यदु, बघमार सर चैतन्य यदु, रामकुमार साहू, सिंधु साहू, खुमान सिंह ध्रुव, के.एल कंवर, ओमप्रकाश सिन्हा, नारायण सिंह ठाकुर, मेघा ठाकरे, रामकुमार साहू, राकेश वर्मा, पवन साहू, विजयमणी वर्मा, संतोष ठाकुर, समन्वयक गैंदूराम पटेल, पुराणिक ध्रुव, भुवन यदु, दिनेश सोनी, धर्मेंद्र ठाकुर, नरेश साहू, अनिल मेघवानी, सुखेन साहू, सुरेश गुप्ता अशोक सोनवानी, भारती नामदेव, चेतन गायकवाड, नेतराम तारक सहित विकासखंड फिंगेश्वर के प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

# बाल प्रतिभा को संवारने का अच्छा माध्यम है समर कैंप : मतावले



**छुरा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले के निर्देशन में संकुल केंद्र छुरा अ एवं दुल्ला में समर कैंप आयोजित हुआ। ग्रीष्मावकाश का लाभ उठाकर शिक्षकों के द्वारा बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को तराशने का कार्य किया जा रहा है। पूर्व माध्यमिक शाला पिपराही में चल रहे समर कैंप का औचक निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले, संकुल समन्वयक रामलाल टांडे एवं शंकर लाल यदु द्वारा किया गया।

■ ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग कर स्वावलंबन की शिक्षा पा रहे बच्चे

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मतावले द्वारा बच्चों को आसपास के पेड़ पौधों जैसे महुआ, पलाश, ख़मार, तेंदू के पत्तों, घर के वेस्ट से बेस्ट, मिट्टी के खिलौने, कागज के छोटे छोटे टुकड़ों से खेल एवं सजावटी सामग्री बनाने के टिप्स दिए। मतावले ने बच्चों को खाली समय का सदुपयोग करने की सीख दिए। घर में माता पिता के कामों में हाथ बटाने हेतु प्रेरित किए। समन्वयक रामलाल टांडे ने लोक संगीत की बारीकियों से अवगत कराया। गायन, वादन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। गीत रचना में लघु, गुरु, शब्दों के मर्यादा, साम्यता, मूल तत्व को सरल तरीके से लयबद्ध करने की शिक्षा प्रदान किए। अपने आसपास के घटनाक्रम को शब्दों में पिरोकर गद्य, पद्य रचना हेतु फोकस किए। समन्वयक शंकर लाल यदु ने योग के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई।

### मोबाइल का कम से कम उपयोग करने की सलाह

मोबाईल के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए मोबाईल के कम से कम उपयोग की सलाह दिए। बच्चों में बढ़ रहे चिड़चिड़ापन, तनाव आदि मानसिक विकारों हेतु नियमित रूप से ध्यान करने एवं प्रेरक पुस्तक वाचन करने हेतु प्रोत्साहित किए।

### खेल-खेल में शिक्षा अभ्यास

शास. पूर्व माध्यमिक शाला पिपराही के नवाचारी शिक्षक रोहित नेताम, विभा चंद्राकर एवं पूर्व माध्यमिक शाला भैंसामुड़ा के शिक्षक संदीप चंद्राकर, पूनम चंद्राकर द्वारा बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा, विज्ञान नाटिका, नृत्य आदि का अभ्यास कराया जा रहा है। मिट्टी के खिलौने, चित्रकला, कैम्प क्रॉफ्ट, पलाश के पत्तों से दोना, पत्तल, छिंद पत्तों से तोरन, झालर, झूमर आदि, साहित्य के क्षेत्र में विकास हेतु वादविवाद, प्रश्न मंच तैयार कर बालमन को प्रोत्साहित करने हेतु विविध गतिविधिया की जा रही है। इसी तरह प्राथमिक शाला भरूवामुड़ा में भी प्रधानपाठक फलेंद्र ठाकुर और योगेश्वरी सेवई का मेहनत रंग ला रहा है। पुराने कागजों को कटिंग कर फुल, आकर्षक सजावटी समान, कप प्लेट आदि बनाना सीखा रहे हैं। रस्सी के उपयोग भी सीखा रहे हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला पिपराही के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष कृष्णा पटेल, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष खेमू साहू, वरिष्ठ नागरिक संतन सिंह ठाकुर, विश्राम गंधर्व, संतोष नेताम, सोमन राम, केशरी कंवर उपस्थित रहे। शिक्षक रामसाय टांडे, पूनम चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा भी बच्चों को जीवनोपयोगी महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए।

### गढ़ियापारा प्राथमिक शाला में लगा समर कैंप

छुरा- छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक विद्यालय गढ़ियापारा में समर कैंप का आयोजन श्याम कुमारी नेताम द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के द्वारा आर्ट कला चित्रकला रंगोली पत्तल दोना आदि बनाना सीखा। कार्यक्रम में कोमल, आदिल ,चित्ररेखा ध्रुव पार्षद छुरा संकुल प्राचार्य के के साहू समन्वयक श्री निषाद उपस्थित रहे।

# जनता से संवाद कर त्वरित करें समस्याओं का समाधान : कुलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छुरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रसेला में बुधवार को सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में छुरा जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी शामिल हुए तथा उपस्थित जनता एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात किया। इस दौरान जनता से प्राप्त समस्याओं के निदान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही बच्चों का अन्नप्रासन संस्कार, हितग्राहियों को राशन कार्ड और महिलाओं को जजनी सुरक्षा योजना के तहत पोषित आहार का वितरण भी किया।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनके समस्याओं का निराकरण करने और जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासियों को विकास कि मुख्यधारा से जोड़ने संकल्प पूरा हो रहा है। जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने कहां की हर व्यक्ति के समस्याओं को समाधान किया जाएगा और शासन के हर योजनाओं का लाभ हर गांव के हर व्यक्ति को दिया जाएगा। इस दौरान सुखराम ठाकुर सभापति सहकारिता विभाग, नारायण सिंह जनपद सदस्य, उत्तर पटेल सभापति, कंचन चमन देवांगन, युवराज साहू सभापति, रुक्मणी ध्रुव सभापति, सुखवाती टांडे सभापति सहित जिले के कलेक्टर और अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# मैनपुर में यातायात सुरक्षा को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन 19 को

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले में इन दिनों लगातार घट रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस विभाग के साथ आमजनता भी चिंतित नजर आ रहे है आज बुधवार को मैनपुर थाना परिसर मे एसडीओपी पुलिस विकास पाटले की उपस्थिति मे बैठक का आयोजन किया गया।

■ एसडीओपी विकास पाटले की उपस्थिति मे बैठक का हुआ आयोजन

जिसमें नगर के वरिष्ठ जन व्यापारी जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी कार्यकर्ता व वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित हुए उपस्थित लोगो ने लगातार दुर्घटना को देखते हुए पुलिस विभाग से ठोस कदम उठाते हुए बगैर लाईसेंस व नाबालिग बच्चो के वाहन चलाने पर कार्यवाही की मांग किया है साथ ही तेज रफ्तार वाहनो पर नकेल कसने के साथ साथ ही वाहनो की कागजात की जांच करने की मांग किये है इस दौरान मैनपुर नगर में आगामी 19 मई दिन सोमवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन करने रूपरेखा तैयार किया गया है जिसमें चित्रकला के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है चित्रकला प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले प्रतिभागी 18 मई तक अपना पेंटिंग पुलिस थाना मे जमा करेंगें साथ ही 19 मई को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



**हैलमेट के साथ निकाली जायेगी बाईक रैली :** मैनपुर एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने नगरवासियों व क्षेत्रवासियों से अपील किया है कि सभी क्षेत्र वासी यातायात सप्ताह को सफल बनाने अपना बहुमुल्य समय देवें। इस दौरान बाईक रैली हैलमेट के साथ निकाली जायेगी और अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान बैठक मे प्रमुख रूप से थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, मैनपुर सरपंच श्रीमती हनीता नायक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण धुरव, वरिष्ठ व्यवसायी हनीफ मेमन, गफ्फू मेमन, श्रीमती एकता दीक्षित, गुंजेश कपिल, अजहर मेमन, शेख हसन खान, रूपेश साहू, इतेश सोनी व नगरवासी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कैमरे में कैद हुईं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व जंगल के वन्य प्राणियों की तस्वीरें



मैनपुर। उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के जंगल में लगाए गए कैमरे में इन दिनों लगातार वन प्राणियों की तस्वीर कैद हो रही है, एक साथ अनेक वन प्राणियों की तस्वीर एक ही कैमरे में कैद हुई है जिसे हमारे हरिभूमि अखबार में प्रकाशित करने उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन उपलब्ध कराई है।











## खबर संक्षेप

### जिला सहकारी बैंक में जपं उपाध्यक्ष ने लगवाए वाटर कूलर



**मैनपुर।** जिला सहकारी बैंक गोहरापदर में साल के 8 माह भारी भीड़ लगती है।ऋण लेते वक्त और धान भुगतान लेने समय किसान भारी संख्या में पहुंचते है।इस ब्रांच में 40 गांव के 14 हजार किसान सदस्य हैं।पेयजल की किल्लत को देखते है जनपद पंचायत मैंनपुर के उपाध्यक्ष श्रीमती नन्दकुमारी तपेश्वर ठाकुर वाटर कूलर विथ आर सिस्टम लगवाया है।आज जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम,सभापति तपेश्वर ठाकुर व शाखा प्रबंधक दुष्यंत इंगले की मौजूदगी में इस वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया है।

### बकाया पैसा मांगने पर मजदूर से मारपीट

**महासमुंद।** बकाया पैसे मांगने पर नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में श्रमिक का काम करने वाले के साथ सुपरवाइजर ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी धनंजय रात्रे निवासी साराडीह ने बताया कि वह वर्तमान में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में मजदूरी का काम कर रहा है। उसका 17 दिन की मजदूरी का पैसा बकाया था, 13 मई को उसने मांगा तो सुपरवाइजर कुनाल बंजारे ने गाली गलौज कर पत्थर से सिर में मारकर चोट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पेटी का ताला तोड़कर 30 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सोरम में घर में रखे पेटी का ताला तोड़कर एक युवक द्वारा 30 हजार रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। खल्लारी पुलिस को दशोदा बाई पति लालजी कमार (60 साल) ने एफआईआर के दौरान बताया कि उसका भतीजा हरीश कमार जो जेठ का बड़े साले का लड़का है, वह ग्राम कर्पीदादर थाना छुरा जिला गरियाबंद का रहने वाला है और विगत 3 दिनों से उसके घर में रह रहा था। 7 मई की सुबह वह तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। वापस आने पर देखा कि कमरा में रखी पेटी का ताला टूटा हुआ था और जिसमें से आरोपी हरीश कमार पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे नगदी रकम 30000 रुपये को निकाल लिया और अपने मोटर सायकल पैशन प्रो सीजी 04 सी जेड 6861 को मेरे घर में छोड़कर भाग गया।

### पुरानी रंजिश पर रॉड से मारपीट

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार महासमुंद के नयापारा वार्ड 6 निवासी माया पांडेय ने बताया कि 12 मई को वह बाहर गयी थी, मोहल्ले वालों ने उन्हे फोन कर बताया कि तुम्हारे पति देवनारायण के साथ मोहल्ले के लोग मारपीट कर रहे हैं। खबर सुनकर वह पहुंची। उनके पति को जिला अस्पताल महासमुंद ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर शाम करीब 6:30 बजे देवनारायण पाणेय के साथ समीर खान, शिव थापा और उसके साथियों ने गाली -गलौज कर जान की धमकी देते हुए रॉड और कड़ा से मारपीट की।

## सीएम साय की तेज कार्यशैली से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

# कसाबाय पुल ने बदली तस्वीर: 50 साल की मांग हुई पूरी, ओडिशा से सीधा जुड़ा मैनपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के चलते तेजी से ग्रामीण क्षेत्रं मे विकास कार्य हो रहे है जो जमीनी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है गरियाबंद जिले के कसाबाय पैरी नदी में पिछले 50 वर्षो से ग्रामीण पुल निर्माण की मांग कर रहे थे विष्णुदेव सरकार के तेज कार्यशैली के चलते अब यह मांग पूर्ण हो चुका है।

कसाबाय बड़ी पैरी नदी मे लगभग 437.44 लाख रूपये के लागत से विशाल पुल का निर्माण कार्य अब पूर्ण हो जाने से बिन्द्रानवागढ़, तेन्दूबाय, पिपरछेड़ी रसेला, छुरा क्षेत्र की दूरी जहां बेहद कम हो गई है वहीं अब यह मार्ग सीधा ओड़िसा से जुड़ गया है जिससे क्षेत्र के लोगो को इसका बेहतर लाभ मिलेगा क्षेत्र के लोगो ने पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है और स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पुल का लोकार्पण करने की मांग किया है।

- 437 .44 लाख की लागत से बना बड़ी पैरी नदी पर पुल, आवागमन हुआ सुगम

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 30 किमी दूर बिन्द्रानवागढ़ होते हुए कसाबाय बड़ी पैरी नदी में पिछले 50 वर्षो से क्षेत्र की जनता पुल निर्माण की मांग कर रहे थे और पुल निर्माण को लेकर लोकसुराज ग्राम सुराज और तो और जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर से लेकर कई मंत्री विधायक सांसद को ज्ञापन सौंपकर थक चुके थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पीपरछेड़ी बिन्द्रानवागढ इस मार्ग मे 437.44 लाख रूपये की लागत से पुल निर्माण कार्य 2023 मे प्रारंभ किया गया था और अप्रैल 2025 मे पुल निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है पुल के उपर से लोगो का आनाजाना प्रारंभ हो गया है।बिन्द्रानवागढ़, खम्हारीपारा, परियाबाहरा, तेन्दूबाय, कसाबाय, भैंसमुड़ी, पीपरछेड़ी, रसेला, छुरा सहित ओड़िसा को यह मार्ग अब सीधा जोड़ दिया है और इस मार्ग मे पड़ने वाले 50 से ज्यादा पारा टोला गांव के लोगो का आवागमन आसान हो गया है।







**बांस के भीरा डोंगा बनाकर आना जाना करने मजबूर होते थे ग्रामीण :** इस मुख्य मार्ग मे पुल निर्माण नही होने के कारण पहले ग्रामीणों को बांस के भीरा और डोंगा बनाकर उसके उपर राशन सामग्री लादकर लाना ले जाना मजबूरी होती थी साथ ही इस नदी में बारहो माह पानी चलता है क्योंकि यह सिकासार जलाशय के नीचले हिस्सा है सिकासार जलाशय से सिंचाई व अन्य कार्यो के लिए पानी छोड़ने के कारण हमेशा कमर भर पानी बहते रहता है और सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं के साथ बिमार लोगो को अस्पताल तक पहुंचाने मे होती थी लेकिन अब पुल निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन मे सुविधा मिलने लगी है।

### क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पुल के लोकार्पण करने की मांग की

क्षेत्र के वरिष्ठ जन, फिरतुराम, नकछेड़ा नेताम, रामलाल सोरी, प्रभुराम नेताम, भक्तिनबाई एवं ग्रामीणों ने बताया पुल निर्माण हो जाने से अब आवागमन आसान हो गया है इसके लिए उन्होने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गरियाबंद जिला के कलेक्टर बी.के. उईके के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पुल निर्माण का लोकार्पण की मांग किया है।

### क्या कहते है अफसर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने बताया इस पुल का निर्माण 437.44 लाख रूपये की लागत से किया गया है पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और पुल निर्माण से बिन्द्रानवागढ, खम्हारीपारा, परियाबाहरा, कसाबाय, तेन्दूबाय, बाघमरा, लोहारी, पिपरछेड़ी सहित कई ग्रामो के लोगो को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

## श्रीराम वाटिका-रामवनगमन मार्ग की लाइटें बंद, एक्शन में नपाध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम धर्मनगरी के रूप में पूरे देश और दुनिया में विख्यात है। तीन नदी के संगम होने के कारण पूरे बारहो माह श्रद्धालुओं का आना यहां लगा रहता है। श्रद्धालु और सैलानी भगवान श्री राजीव लोचन,श्री कुलेश्वरनाथ महादेव,श्रीराम वाटिका,रामवनगमन पथ का दर्शन और पूजा तो करते ही है बल्कि इस पर्यटन स्थल में भ्रमण करते हुए हरेक स्थान में पहुंचते है।

- पर्यटन विभाग की लापरवाही पर जनप्रतिनिधियों की सख्त प्रतिक्रिया आई सामने

यहां पर्यटन विभाग की लापरवाही और नासमझी से कई बार स्थिति असामान्य हो जाती है। अभी कितनो ही दिनो से श्री राम वाटिका श्रीरामवनगमन मार्ग की सभी लाइटें बंद थी। प्रदेश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोगों को भी इस कारण असुविधाएं हो रही थी। स्थानीय पार्षदो ने नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव की जानकारी में इस विषय को लाया। वे बिना देर किए मौके पर पहुंचे। वहीं से एसडीएम राजिम और पर्यटन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से बात किया। इसका असर यह हुआ कि लाइटें तुरंत चालु हो गई। स्थानीय लोगों ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासनिक अधिकारियो से कहा है कि वे पर्यटन विभाग के जिम्मेदार अफसरो को आगाह करे भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो।



बता दें कि मौके पर निरीक्षण करने नपा अध्यक्ष महेश यादव, सभापति भारत यादव, आकाश सिंह राजपूत, पार्षद तुषार कदम, सौरभ महोबिया, राजेंद्र शुक्ला भी पहुंचे।

## 4 शिक्षकों मिला को 'पोस्ट ऑफ द मंथ' व बोलेगा बचपन पुरस्कार

**मैनपुर।** एक महत्वपूर्ण ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम ने जिला गरियाबंद शिक्षा विभाग और ओपन लिंक्स फाउंडेशन (ओएलएफ – विनोबा) के बीच शिक्षकों के मूल्यवान योगदान देने में मजबूत सहयोग को उजागर किया। इस कार्यक्रम में मैनपुर के जिला परिषद स्कूलों के 04 शिक्षकों को 'पोस्ट ऑफ द मंथ' पुरस्कार और बोलेगा बचपन सम्मानों से सम्मानित किया गया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश राम पटेल , बीआरसीसी शिव कुमार नागेश एवं जैसे प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। सम्मानित शिक्षकों में संतोष कुमार तारक प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा रामरतन नेताम प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा नीलाधर प्रधान, प्राथमिक विद्यालय डगीयापारा और चमेली तिरधारी प्राथमिक विद्यालय झरियाबाहरा शामिल थे। श्री महेश राम पटेल बीईओ ने कार्यक्रम के आयोजन और मैनपुर के भीत छात्रें के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने में सहयोगात्मक भावना की सराहना की। उन्होंने जमीनी स्तर पर शिक्षकों का समर्थन करने में ऐसी साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। ओपन लिंक्स फाउंडेशन (विनोबा) के प्रोजेक्ट ऑफिसर शुभम पटेल इस कार्यक्रम में मैनपुर के विभिन्न स्कूलों के कई शिक्षकों के साथ उपस्थित थे।





## ओला वृष्टि से फसल को हुआ नुकसान, पटवारी ने किया निरीक्षण

**फिंगेश्वर।** ओला वृष्टि के चलते ग्राम पंचायत बारुला कें किसानों का रबिफसल बुरी तरह से क्षति हुआ है। इस बात की शिकायत राजस्व विभाग से करने पर ओलावृष्टि से नुकसान हुए धान के फसल निरीक्षण करने पटवारी हल्का 12, के पटवारी श्रीमती उषा किरण खेतों मे पहुंचकर फसलो के नुकसान की जानकारी ली। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बारुला के सरपंच सुकदेव राम साहू, उपसरपंच उत्तम सोनवानी, भुनेश्वर साहू, इंदरमन साहू, नेमू साहू, दुर्जन सिंह कोटवार, पितम साहू, दिनेश कुमार साहू, ईश्वर साहू एवं अन्य किसान उपस्थित थे। सभी किसानों ने शासन प्रशासन से ओलावृष्टि से रबी फसल को नुकसान का मुआवजा राशि दिलाने की मांग शासन से किया है।

## कोसमबूढ़ा में डब्लूईसी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के अंतर्गत डब्लूईसी सिलाई सेंटर कोसमबूढ़ा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन कार्यक्रम का सुभारंभ भारत माता, सरस्वती माता के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्पण कर किए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी सिलाई प्रशिक्षार्थी को मार्गदर्शन एवं ग्रामोत्थन का संक्षिप्त परिचय एवं आज के युवा पीढ़ी कैसे रास्ते अपनाएं इस विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

- कार्यक्रम में अतिथियों युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में दिया मार्गदर्शन

कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़े हंशमुख शाह जी अमेरिका से का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपास्थित समिति महेंद्र द्विवेदी, संच अध्यक्ष हेमन्त कुमार सिन्हा संच समिति उपाध्यक्ष, मनीष शारडा जिला सामाजिक समरसता प्रमुख, लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सभापति, किरण ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत कोसमबूढ़ा, संतराम नेताम पूर्व जनपद सदस्य, विमल पुरोहित शिक्षक, संच समिति मिथलेश सिन्हा, युवा प्रभारी समिति राजा राम नेताम, ग्राम समिति एवं एकल अभियान के कार्यकर्ता पंकज कुमार दास, ओडिशा-छत्तीसगढ़ प्रमुख जगदीश सिदार जी छत्तीसगढ़ को ऑर्डिनेटर ओमकार साहू ऑफिस इंचार्ज, हिम्मन कुमार साहू कंप्यूटर शिक्षक, मनोहर यादव मोबीलाइज़र, टीकम निषाद कार्यालय प्रमुख खेलन यादव, संच प्रमुख संगीता साहू डब्लूईसी ट्रेनर की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में गर्मी से भी बचना है जरूरी

# घर से जब भी निकलें तो टोपी, गमछा जरूर बांधलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण के माध्यम से जिले के खिलाड़ियों को खेल विधा से परिचय कराने एवं खेल की तकनीकी ज्ञान से अवगत कराने तथा उनके खेल कौशल को बढ़ाने हेतु 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया हैं।

इसके तहत छुरा व्यायाम शाला में प्रशिक्षक कोच शीतल ध्रुव को वेट लिफ्टिंग एवं बैडमिंटन प्रशिक्षण की कार्य सौंपा गया है। जिसके तहत प्रातः 2 घंटे एवं सायं 2 घंटे बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आज क्षेत्र के वरिष्ठ योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा द्वारा प्रशिक्षार्थियों को गर्मी से बचने हेतु कुछ टिप्स बताए गए जिसमें सर्व प्रथम बताया गया कि धूप के समय जब भी निकले सर पे टोपी या गमछा रुमाल या स्कार्फ पहन कर ही निकले दोपहर 11 से 4 बजे तक धूप में कही जाने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी जरूर पीने छोटे बच्चों के लिए 1 से 2 लीटर तक एवं बड़ों के लिए 3 से 4 लीटर पानी अवश्य लेना चाहिए।



**खानपान को लेकर किया जा रहा सचेत :** बाजार में मिलने वाले केमिकल युक्त शीतल पेय(कोल्डिंक्स) से बचना उसके जगह पारंपरिक स्वास्थ्य वर्धक शीतल पेय बेल शरबत, नींबू का शर्बत लेना चाहिए, खिलाड़ियों एवं बाहर काम करने वालों को शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा बरकरार रखने के लिए ओ आर एस का घोल या प्राकृतिक घोल शहद का पानी पीकर निकले शरीर में ऊर्जा बनी रहेगी । अचानक ठंडी जगह से एकदम गर्म जगह ना जाएं। खासकर एसी में बैठे रहने के बाद तुरंत धूप में ना निकलें। कच्चा प्याज रोज खाएं। धूप में निकलने पर अपने पॉकेट में छोटा सा प्याज रखें, यह लू शरीर को लगने नहीं देता और सारी गर्मी खुद सोख लेता है।

### प्रशिक्षार्थियों को मिल रहा निरंतर मोटिवेशन

कोच शीतल ध्रुव द्वारा प्रशिक्षार्थियों को निरंतर मोटिवेट किया जा रहा है एवं खेल की बारीकियों को समझाया जा रहा है साथ ही उन्हें देश भक्ति एवं पर्यावरण के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में वेट लिफ्टिंग राष्ट्रीय खिलाड़ी संध्या साहू, कुमकुम ध्रुव, किरण दिव्य अमूल डेयरी इंजिनियर (गोवा), रोमन ठाकुर कृषि अधिकारी, देवकुमार बाडी बिल्डर, देवश्री ध्रुव फिजियोथैरेपिस्ट का भी बच्चों को पूर्व में मार्गदर्शन मिला।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411